आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी नियमित और निजी छात्रों के लिए आवेदन फॉर्म जमा करने की अधिसूचना जारी कर दी है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने मोटर दुर्घटना मुआवज़े के दावों में एकरूपता लाने के लिए पीड़ितों की आय का आकलन करने संबंधी दिशा–निर्देश जारी किए।
- द्वीपसमूह में वन महोत्सव के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।
- ईआईए अधिसूचना–2006 के प्रावधानों के अनुसार, गैस आपूर्ति अवसंरचना परियोजना पर टिप्पणियाँ और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी नियमित छात्रों के लिए संबंधित स्कूलों द्वारा उम्मीदवारों की सूची के ऑनलाइन सबमिशन और निजी उम्मीदवारों द्वारा स्वयं सीबीएसई पोर्टल पर आवेदन फॉर्म जमा करने की अधिसूचना जारी कर दी है। फार्म 8 जुलाई तक बिना विलंब शुल्क के जमा किए जा सकते हैं। कक्षा 12वीं के वे सभी नियमित छात्र जिन्हें कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है या जो अपने अंकों में सुधार के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें स्कूल प्रशासन द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए तुरंत अपने संबंधित स्कूलों से संपर्क करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, सभी निजी उम्मीदवारों को भी कक्षा 12वीं की पूरक या सुधार परीक्षा के लिए निर्धारित समय सीमा तक बिना विलंब शुल्क के सीबीएसई पोर्टल cbse.gov.in के माध्यम से आवेदन करने को कहा गया है। परीक्षा 28 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने मोटर दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों या घायल दावेदारों की वार्षिक आय का निर्धारण आयकर रिटर्न के आधार पर करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए। मोटर दुर्घटना मुआवजे में एकरूपता लाने के लिए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वेतनभोगी व्यक्तियों के मामले में वार्षिक आय दर्शाने के लिए केवल पिछले वर्ष का आयकर रिटर्न ही पर्याप्त होगा।

स्व–रोजगार व्यक्तियों के मामले में, न्यायालय ने कहा कि पिछले तीन वर्षों तक के आईटीआर में घोषित औसत आय को सामान्यतः संदर्भ बिंदु के रूप में माना जाना चाहिए।

<><><><><><>

सरकार ने कल देश में व्हाट्सएप पर यूजरनेम फीचर शुरू करने के संबंध में मेटा को नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा को तीन दिनों के भीतर यूजरनेम फीचर के बारे में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने मेटा को यह भी निर्देश दिया है कि इस मामले पर परामर्श पूरा होने तक यूजरनेम फीचर शुरू न किया जाए।

<><><><><><>

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस उच्च शिक्षण संस्थान के घटक महाविद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में विभिन्न 7 स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 7 जुलाई कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी 7 जुलाई तक कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में ओडीएल और ऑनलाइन मोड में सभी कार्यक्रमों के जुलाई सत्र के लिए पुनः पंजीकरण की तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार समर्थ इग्नू पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

वन महोत्सव के अवसर पर कल केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने दक्षिण अंडमान वन प्रभाग के सहयोग से अपने गाराचरमा फार्म में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने, हरित क्षेत्र बढ़ाने और वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करने की राष्ट्रीय पहल के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अपने संबोधन में क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने हरित क्षेत्र को बढ़ाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ कृषि परिदृश्यों में वृक्षारोपण को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया।

वन विभाग ने इस वृक्षारोपण अभियान के लिए 750 पौधे उपलब्ध कराए। इस दौरान दक्षिण अंडमान वन प्रभाग, गाराचरमा रेंज के रेंज अधिकारी इरुला राजन ने जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिक बहाली और वनीकरण गतिविधियों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने में वन महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कुल 174 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

उधर, पर्यावरण एवं वन विभाग के तहत जैविक उद्यान, चिड़ियाटापू में भी वृक्षारोपण अभियान के साथ वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक रवि होरो ने वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन करते हुए कहा कि वन महोत्सव केवल एक वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है जो वनों की रक्षा और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना जगाता है। उन्होंने देशव्यापी अभियान एक पेड़ माँ के नाम पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक नागरिक, विशेष रूप से युवा पीढ़ी से वन संरक्षण में भाग लेने और पर्यावरण के अनुकूल स्थायी प्रथाओं को अपनाने का आग्रह किया। इस दौरान सरकारी प्राथमिक विद्यालय, चिड़ियाटापू के छात्रों और शिक्षकों सहित विभाग के कर्मचारियों ने उद्यान परिसर में स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए।

<><><><><><>

पर्यावरण प्रभाव आकलन –ईआईए अधिसूचना–2006 (संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार, मेसर्स इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रस्तावित गैस आपूर्ति अवसंरचना परियोजना पर संबंधित व्यक्तियों से टिप्पणियाँ और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस परियोजना का उद्देश्य होप टाउन, फरारगंज तहसील, दक्षिण अंडमान जिला में स्थित 50 मेगावाट के पावर प्लांट को री–गैसीफाइड लिक्विफाइड नेचुरल गैस की आपूर्ति करना है। पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट के ड्राफ्ट दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय, दक्षिण अंडमान जिला परिषद, ग्रामीण विकास एवं पंचायत निदेशालय, जिला उद्योग केंद्र, पंचायत सचिव कार्यालय, अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति और (दक्षिण पूर्वी क्षेत्र), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नुंगमबक्कम, चेन्नई के क्षेत्रीय कार्यालय के अलावा प्रशासन तथा अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति के वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। टिप्पणियां और सुझाव 30 दिनों की अवधि के भीतर एएनपीसीसी कार्यालय को ईमेल के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग के तहत चिड़ियाटापू स्थित जैविक उद्यान की ओर से अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के लिए ट्रैंक्विलाइज़र गन के संचालन पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–मुख्य वन्यजीव वार्डन रवि होरो ने किया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक डॉ. एस. दिनेश कन्नन, और वन संरक्षक जोजू पी. अलप्पट उपस्थित थे। कार्यशाला में दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान जिलों के सभी क्षेत्रीय और वन्यजीव प्रभागों के अधिकारियों, पशु चिकित्सा कंपाउंडरों, महावतों और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में सेफ ट्रैंक्विलाइज़ेशन प्रैक्टिसेस नामक एक पुस्तिका का विमोचन किया गया।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने राष्ट्रीय स्तर पर जी राम जी अधिनियम लागू होने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाई है। द्वीप समाचार ने डिजिटल इंडिया के 11 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन, सार्वजनिक सेवा वितरण और नागरिकों के जीवन पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव पर विचार व्यक्त करने के समाचार को प्रमुखता से छापा है। अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने सांसद द्वारा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मत्स्य पालन क्षेत्र को कृषि के समकक्ष लाभ देने के निर्णय को लागू करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। इंफो इंडिया ने चिड़ियाटापू उद्यान में वन महोत्सव मनाए जाने के समाचार को, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने उत्तरी अंडमान के निवासियों द्वारा बेहतर सड़क और समुद्री कनेक्टिविटी के मांग के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>